3 बया हमारी चिड़िया रानी



बया हमारी चिड़िया रानी ।

तिनके लाकर महल बनाती
ऊँची डाली पर लटकाती,
खेतों से फिर दाना लाती
नदियों से भर लाती पानी।

तुझको दूर न जाने देंगे
दानों से आँगन भर देंगे,
और हौज में भर देंगे हम
मीठा–मीठा ठंडा पानी।

– महादेवी वर्मा

अभ्यास

1. बताओ –

क. तुमने कौन–कौन सी चिड़ियाँ देखी हैं ?

ख. बया अपना घोंसला कैसे बनाती है ?

ग. चिड़िया दूर न जाए इसके लिए बच्चे क्या करने को कह रहे हैं?

2. लिखो, से कौन बड़ा है, कौन छोटा –

बिल्ली, चींटी, बकरी, मच्छर, चूहा, मक्खी, गाय, भैंस, तितली, मेढक, मधुमक्खी, कुत्ता, खरगोश, मुर्गी, कौआ, कछुआ।

छोटा		बड़ा	
....	....	....	....
....	....	....	....
....	....	....	....
....	....	....	....

3. पाठ में 'इ' व 'ई' की मात्रा वाले जो शब्द आए हैं उन्हें लिखो, जैसे–

चिड़िया	....	रानी	....
....	....	....	....
....	....	....	....

- बच्चों से उनके घर तथा आसपास पाए जाने वाले पक्षियों के बारे में बातचीत करें। पाले जाने तथा न पाले जाने वाले पक्षियों के बारे में पूछें। चर्चा करें कि पक्षियों के प्रति हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए और गर्मी में पक्षियों की सुरक्षा के लिए हमें किस बात का ध्यान रखना चाहिए।

4. जानो और करो –

गौरैया कम हो रही हैं। इन्हें बचाने के लिए हर साल **20 मार्च** को पूरी दुनिया में **'विश्व गौरैया दिवस'** मनाया जाता है।

आप भी बचा सकते हैं गौरैया–

- छत पर अथवा आँगन में किसी बर्तन में रोज दाना–पानी रखकर।
- घोंसले बना कर आँगन में या किसी पेड़ पर टाँगकर।

5. अपने शिक्षक से पता करो –

- कौन–कौन से पशु–पक्षी हैं जो कम होते जा रहे हैं ?
- इनके कम होते जाने के क्या कारण हैं ?
- इनको बचाने के लिए आप क्या–क्या कर सकते हैं ?

6. बताओ–

- आपके घर में किस–किस रंग की चिड़ियाँ आती हैं ?
- आपके घर में चिड़ियाँ कहाँ–कहाँ बैठती हैं ?
- आप उन्हें क्या–क्या खाने को देते हैं ?
- आप चिड़ियों से क्या–क्या बातें करना चाहते हैं ?
- चिड़िया की तरह पंख होते तो तुम कहाँ–कहाँ जाते?

7. चिड़िया का चित्र बनाकर रंग भरो –